# यूरोप

1. **सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| सूची-I (भौगोलिक शब्द) | | सूची-II(विशेषता) | |
|---|---|---|---|
| A | स्थल गोलार्द्ध | 1 | जलाशय से घिरा हुआ भूमि का वह भाग, जो किसी विशाल स्थलखंड से जुड़ा हो |
| B | प्रायद्वीप | 2 | लंबी, सँकरी और बहुत गहरी समुद्र की भुजा, जो काफी दूर तक स्थल भाग में चली गई हो |
| C | फियोर्ड | 3 | भूपर्पटी के नीचे आंतरिक हलचलों के कारण दोनों ओर से दबाव पड़ने से निर्मित |
| D | वलित पर्वत | 4 | भूपृष्ठ का उत्तरी गोलार्द्ध |

**कूट:-**
(a) **A-**1,**B-**2,**C-**3,**D-**4
(b) **A-**4,**B-**1,**C-**2,**D-**3
(c) **A-**2,**B-**4,**C-**3,**D-**1
(d) **A-**3,**B-**2,**C-**4,**D-**1

2. **यूरोप महाद्वीप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. क्षेत्रफल के आधार पर यह विश्व का पाँचवाँ बड़ा महाद्वीप है।**
**2.यूरोप को एशिया से यूराल पर्वतमाला, यूराल नदी, कॉकेशस पर्वत श्रेणी तथा कैस्पियन सागर अलग करते हैं।**
**3. इस महाद्वीप के 15 स्वतंत्र राज्य पहले सोवियत संघ के अंग थे।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य नहीं है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 3
(d) केवल 2 और 3

3. **निम्नलिखित देशों में से कौन-से देश 'बाल्टिक राज्य/बाल्टिक देश' के नाम से जाने जाते है?**
**1. एस्टोनिया 2. लिथुआनिया**
**3.लातविया 4. बेलारूस**
**कूट:-**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

4. **देश और उनकी राजधानियों के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सुमेलित नहीं है?**

| देश | राजधानी |
|---|---|
| (a) इटली | रोम |
| (b) स्पेन | मैड्रिड |
| (c) स्विट्ज़रलैंड | बर्न |
| (d) आयरलैंड | सोफिया |

5. **कथन (A): यूरोप महाद्वीप की तटरेखा बहुत ही दंतुरित है।**
**कारण (R): यूरोप में प्राकृतिक पोताश्रय और पत्तनों के लिए अनेक स्थान उपलब्ध है।**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है।
(b) A और दोनों सही हैं, R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) A सही है, परंतु R गलत है।
(d) A गलत है, परंतु R सही है।

6. **निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए-**
**1. आइसलैंड 2.नॉर्वे**
**3.स्वीडन 4. डेनमार्क**
**उपर्युक्त देशों में से कौन-से स्कैंडिनेवियन देश में सम्मिलित है?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) उपर्युक्त सभी

7. **देश और उनकी राजधानियों के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?**

| देश | राजधानी |
|---|---|
| (a) नॉर्वे | ओस्लो |
| (b) स्वीडन | वारसा |
| (c) डेनमार्क | कोपेनहेगन |
| (d) फिनलैंड | हेलसिंकी |


उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**8. कथन (A): यूरोप महाद्वीप के आस-पास स्थित अधिकतर खाड़ियाँ और सागर उथले हैं।**
**कारण (R): यूरोप में मत्स्यन क्षेत्र विश्व के सर्वोत्तम मछली पकड़ने वालों में से एक है।**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है।
(b) A और दोनों सही हैं, R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) A सही है, परंतु R गलत है।
(d) A गलत है, परंतु R सही है।

**9. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए-**
**1. रोमानिया 2. हंगरी**
**3.इटली 4. अल्बानिया**
**5. ग्रीस**
**उपर्युक्त देशों में से कौन-से बाल्कन राज्य में सम्मिलित है?**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 1, 4 और 5
(d) केवल 3, 4 और 5

**10. बेल्ज़ियम, नीदरलैंड और लक्ज़मबर्ग को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है?**
(a) निम्न भूमि का देश
(b) उच्च भूमि का देश
(c) पर्वतीय देश
(d) मरुस्थलीय देश

**11. यूरोप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. वेटिकन सिटी रोम के अंदर स्थित है।**
**2. आयरलैंड में उत्तरी आयरलैंड और आयरिश गणराज्य शामिल हैं।**
**3.ग्रेट ब्रिटेन केवल दो देशों-स्कॉटलैंड और इंग्लैंड से मिलकर बना है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 3
(d) केवल 2 और 3

**12. यूरोप की फिनोस्कैंडिनेवियन शील्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. यह यूरोप के उत्तर-पश्चिमी उच्च भूमियों के उत्तर में स्थित है।**
**2. इस क्षेत्र में अवसादी चट्टानों से संबंधित जीवाश्म ईंधन (जैसे-कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस) के वृहद् भंडार हैं।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**13. यूरोप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. राइन और सीन नाव्य नदियाँ (नौ संचालन के योग्य)हैं, जो यूरोप के उत्तरी मैदान से होकर बहती है।**
**2. राइन नदी इंग्लिश चैनल में गिरती है।**
**3. सीन नदी उत्तरी सागर में गिरती है।**
**4. राइन नदी अपनी दरार घाटी के लिए प्रसिद्ध है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1 और 4
(d) 1, 2, 3, और 4

**14. यूरोप की मध्यवर्ती उच्च भूमियों के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा/से सुमेलित है/हैं?**
**1.स्पेन और पुर्तगाल: मेसेटा**
**2. फ्रांस ब्लैक : फॉरेस्ट**
**3.जर्मनी : जूरा पर्वत**
**कूट:**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**15. माउंट ब्लांक निम्नलिखित में से किस पर्वत की चोटी है?**



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

(a) एटलस पर्वत
(b) आल्प्स पर्वत
(c) ब्लैक फॉरेस्ट
(d) जूरा पर्वत

**16. आल्प्स पर्वतमाला के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. ये युवा मोड़दार वलित पर्वत है।**
**2. इनका निर्माण एटलस और रॉकी पर्वतों के निर्माणकाल में हुआ है।**
**3.इस श्रृंखला का विस्तार एशिया में भी है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**17. निम्नलिखित में से कॉकेशस पर्वत की सबसे ऊँची चोटी कौन-सी है?**
(a) माउंट एल्ब्रुस
(b) माउंट एवरेस्ट
(c) राकापोशी
(d) इनमें से कोई नहीं

**18. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| | सूची-I(देश) | | सूची-II(राजधानी) |
|---|---|---|---|
| A | सर्बिया | 1 | साराजेवो |
| B | बोस्निया-हर्जेगोविना | 2 | बेलग्रेड |
| C | स्लोवेनिया | 3 | ज़गरेब |
| D | क्रोएशिया | 4 | ल्जूबल्जाना |

**कूट:-**
(a) **A-**4,**B-**2,**C-**1,**D-**3
(b) **A-**2,**B-**1,**C-**4,**D-**3
(c) **A-**3,**B-**1,**C-**4,**D-**2
(d) **A-**1,**B-**2,**C-**3,**D-**4

**19. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| | सूची-I(देश) | | सूची-II(राजधानी) |
|---|---|---|---|
| A | रोमानिया | 1 | बुखारेस्ट |
| B | हंगरी | 2 | बुडापेस्ट |
| C | ऑस्ट्रिया | 3 | वियना |
| D | चेक रिपब्लिक | 4 | प्राग |

**कूट:-**
(a) **A-**1,**B-**2,**C-**3,**D-**4
(b) **A-**2,**B-**1,**C-**4,**D-**3
(c) **A-**3,**B-**1,**C-**4,**D-**2
(d) **A-**1,**B-**2,**C-**4,**D-**3

**20. यूरोप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. इसका अधिकतर भाग शीतोष्ण कटिबंध में है।**
**2. इसका विस्तार पछुआ पवनों की पेटी में है।**
**3.यूरोप में किसी भी पर्वत का विस्तार उत्तर से दक्षिण की ओर नहीं है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**21. कथन (A): पश्चिमी यूरोप के तटों के आस-पास सागरों का पानी उत्तर अटलांटिक प्रवाह के गर्म जल के कारण नहीं जमता।**
**कारण (R): पछुआ पवनें यूरोप में अच्छी वर्षा करती है।**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है।
(b) A और दोनों सही हैं, परंतु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) A सही है, परंतु R गलत है।
(d) A गलत है, परंतु R सही है।

**22. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| | सूची-I(क्षेत्र) | | सूची-II(जलवायु) |
|---|---|---|---|
| A | पश्चिमी यूरोप | 1 | महाद्वीपीय |
| B | दक्षिणी यूरोप | 2 | पश्चिमी यूरोप तूल्य |
| C | उत्तरी यूरोप | 3 | टुंड्रा |
| D | पूर्वी यूरोप | 4 | भूमध्यसागरीय |



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**कूट:-**

(a) **A-**1,**B-**2,**C-**3,**D-**4
(b) **A-**2,**B-**1,**C-**4,**D-**3
(c) **A-**2,**B-**4,**C-**3,**D-**1
(d) **A-**1,**B-**2,**C-**4,**D-**3

**23. 'पश्चिमी यूरोप तुल्य जलवायु' महासागरीय जलवायु का विशिष्ट रूप है। इसके संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. इसमें तापमान पूरे वर्ष प्राय: एक समान रहता है।**
**2. इसमें वर्षा केवल ग्रीष्म ऋतु में ही होती है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से कथन सत्य है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**24. यूरोप के किस क्षेत्र में कुछ समय के लिए मध्यरात्रि में सूर्य चमकता है?**

(a) आर्कटिक वृत्त के दक्षिण में
(b) आल्प्स पर्वतों और विषुवत् वृत्त के मध्य
(c) भूमध्य सागर और आर्कटिक वृत्त के मध्य
(d) आर्कटिक वृत्त के उत्तर में

**25. यूरोप के दक्षिण-पूर्वी भाग में विस्तृत घास भूमियों को किस नाम से जाना जाता है?**

(a) स्टेपीज
(b) प्रेयरी
(c) सवाना
(d) लानोस



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213